*This Question Paper contains 8 printed pages.*

Seat No.: | | | | | | | |

Sl. No. : 177617

# 009(H)

**(February, 2026)**

***Time : 3 Hours]*** ***[Maximum Marks : 100***

सूचनाएँ :

1 ) इस प्रश्नपत्र में 5 विभाग हैं और कुल 67 प्रश्न हैं।

2 ) दाएँ तरफ दिए गए अंक प्रश्न के गुण दर्शाते हैं।

3 ) सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

## विभाग - A

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए : [8]

1 ) पण्डित अलोपीदीन को किस पर अखण्ड विश्वास था?

(अ) शिव जी पर (ब) कृष्ण जी पर

(स) लक्ष्मी जी पर (द) हनुमान जी पर

2 ) सवार किससे मिलना चाहता था?

(अ) लेफ्टिनेंट से (ब) कर्नल से

(स) सिपाही से (द) वज़ीर अली से

3 ) सिकरम किससे चलती थी?

(अ) बैलों से (ब) घोड़ों से

(स) ऊँटों से (द) गुलामों से

4 ) 'अकेली' कहानी की लेखिका का क्या नाम है?

(अ) सोमा बुआ (ब) मन्नू भण्डारी

(स) मृदुला गर्ग (द) कृष्णा सोबती

5 ) सुभाष बाबू ने कौन-सा नारा दिया?

(अ) जय गोपाल (ब) वंदे मातरम्

(स) जय जवान जय किसान (द) जय हिन्द

6 ) रेडियम किस प्रजा से दुखी है?

(अ) भारतवासी (ब) जापानी

(स) अमरीकी (द) चीनी

7 ) बैलगाड़ी दो वनों के बीच से कैसे चल रही थी?

(अ) धीरे-धीरे (ब) लड़खड़ाती

(स) तेज गति से (द) चरमराती

8 ) सोमा बुआ की पड़ोसन का नाम क्या था?

(अ) राधा (ब) रोहिणी

(स) रूपा (द) रश्मि

■ **रचना के साथ योग्य पात्र का जोड़ा मिलाकर लिखिए :** **[2]**

| | रचना | | पात्र |
|---|---|---|---|
| 9 ) | मनोहरपुरी की सीमा पर | (i) | बदलूसिंह |
| | | (ii) | गोवर्धनराम त्रिपाठी |
| 10 ) | अकेली | (iii) | किशोरीलाल |

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए :** **[4]**

11 ) अभिनंदन के समय कमेटी सदस्य किस स्थिति में थे?

12 ) नर के रूप में कौन लीला कर रहा है?

13 ) सिकरम कितने बजे पारडीकोप पहुँची?

14 ) लेखक ने किसकी अनुमति लेकर घर बेचने का विचार पक्का किया?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** **[6]**

15 ) गोरा मुखिया कहाँ बैठता था?

16 ) पारस पत्थर का कार्य क्या है?

17 ) लेखक अपना जन्मदिन क्यों छिपाता है?

18 ) लेखक का पुराना घर कैसे बनाया गया था?

19 ) नदियों और सरोवरों को देखना क्यों दुस्सह हो गया?

■ **निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर सात-आठ वाक्यों में लिखिए :** **[5]**

20 ) पण्डित अलोपीदीन ने वंशीधर को जायदाद का स्थायी मैनेजर क्यों नियुक्त किया?

**अथवा**

20 ) रेडियम की उपयोगिता के विषय में अपने विचार लिखिए।

## विभाग - B

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए :** **[8]**

21 ) कवि पढ़ना-लिखना किसकी मदद से सीखता है?

(अ) दीदी की (ब) माता की

(स) पिता की (द) भाई की

22 ) कान्ह के संग कौन विराजमान है?

(अ) विदुर (ब) देवकी

(स) स्यामा अर्थात् राधा (द) नंद

23 ) बालक भरत का सहचर कौन था?

(अ) शिशुसिंह (ब) शेर

(स) बाघ (द) लोमड़ी

24 ) हमसफर क्या कर रहे हैं?

(अ) ऊँघे हुए हैं (ब) गज़ल सुना रहे हैं

(स) तड़प रहे हैं (द) बाजा बजा रहे हैं

25 ) कवि घर से निकलकर कहाँ जाता है?

(अ) बगीचे में (ब) दफ्तर

(स) कॉलेज (द) मंत्रालय

26 ) युद्ध और आतंक किसके पर्याय हैं?

(अ) संताप के (ब) आतंक के

(स) सामाजिकता के (द) डर के

27 ) जब बादल को घिरते देखा, तब किस ऋतु का प्रभाव था?

(अ) वर्षा (ब) हेमंत

(स) वसंत (द) शिशिर

28 ) जीवन में एक सितारा था, ----

(अ) वह डूब गया तो डूब गया (ब) अम्बर के आनन को देखो

(स) माना, वह बेहद प्यारा था (द) कितने उसके प्यारे छूटे

■ **कविता के साथ कवि का नाम लिखकर जोड़ा मिलाइए :**

| | (अ) | | (ब) |
|---|---|---|---|
| 29 ) | बैरंग बेनाम चिट्ठियाँ | (i) | हरिवंशराय बच्चन |
| | | (ii) | रामदरश मिश्र |
| 30 ) | जो बीत गई सो बात गई | (iii) | नरेश मेहता |

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए :**

31 ) शिलालेख पर क्या लिखा जाता है?

32 ) कृष्ण क्या कर रहे हैं?

33 ) दोपहर में ठण्डी छाँह का अनुभव कवि कहाँ करता है?

34 ) कवि ने चिट्ठी की तुलना किससे की है?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :**

35 ) गोपियाँ ब्रज से क्यों भाग जाना चाहती हैं?

36 ) जीवन की सार्थकता कवि को कहाँ लगती है?

37 ) कैलेंडर कविता में कवि की दिनचर्या क्या है?

38 ) शकुन्तला अपने पति से क्यों बिछुड़ गई थी?

39 ) मुरझाई कली पर मधुवन की क्या प्रतिक्रिया होगी?

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सात-आठ वाक्यों में लिखिए : [5]

40 ) 'बाढ़ की संभावनाएँ' ग़ज़ल का केन्द्रीय भाव अपने शब्दों में लिखिए।

अथवा

40 ) ''जड़, जड़ का ही प्रतिनिधित्व कर सकता है चेतन का नहीं'' – 'महाप्रस्थान' कविता के आधार पर समझाइए।

## विभाग - C

■ निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए : [2]

41 ) चिकित्सा

42 ) हरीतिमा

■ निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : [2]

43 ) विश्वास

44 ) स्थापित

■ निम्नलिखित शब्दों के तत्सम् रूप लिखिए : [2]

45 ) पत्थर

46 ) खीर

■ निम्नलिखित शब्दों से प्रत्यय अलग कीजिए : [2]

47 ) सतीत्व

48 ) स्वाभाविक

■ निम्नलिखित शब्द समूह के लिए एक शब्द दीजिए : [2]

49 ) जीवनभर साथ-साथ चलनेवाली स्त्री

50 ) हथेली और पहुँचे के बीच का भाग

■ निम्नलिखित अशुद्ध वाक्य को शुद्ध करके पुनः लिखिए : [1]

51 ) शुद्ध गाय का दूध चाहिए।

■ निम्नलिखित कहावत का अर्थ लिखिए : [1]

52 ) जिसकी लाठी उसकी भैंस

■ निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : [4]

53 ) दिल धड़कना

54 ) हवा खाना

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : [4]

55 ) मुद्रण का आविष्कार कहाँ हुआ?

56 ) तत्सम् शब्द किसे कहते हैं?

57 ) कश्मीर के पर्यटन स्थलों के नाम लिखिए।

58 ) डाकविभाग किस मंत्रालय के अंतर्गत आता है?

## विभाग – D

■ निम्नलिखित पद्यांश की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : [5]

59 ) ''खोल,खोल मुख सिंह बाल, मैं देखकर
गिन लूँगा तेरे दाँतों को हैं, भले,
देखूँ तो कैसे यह कुटिल कठोर हैं!''

**निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर एक-तिहाई में सारांश लिखकर उचित शीर्षक दीजिए :** **[5]**

60 ) भारत अपनी धर्मनिष्ठा, प्राचीन आदर्श संस्कृति एवं महान सभ्यता के कारण ही विश्व के राष्ट्रों में अग्रणी एवं सर्वश्रेष्ठ रहा है। धर्म, सभ्यता, संस्कृति एवं देववाणी संस्कृत भाषा इस राष्ट्र की सर्वदा ही अनुपम धरोहर एवं पुनीत आदर्श रहे हैं। जिस दिन भारत अपने इन पुनीत आदर्शों तथा दैवीगुणों को विस्मृत कर देगा तथा उनसे विमुक्त होकर भ्रष्ट हो जाएगा, उस दिन भारत, भारत न रह जाएगा। राष्ट्र की उन्नति का मूल मंत्र, उस राष्ट्र की संस्कृति, सभ्यता, कर्तव्यनिष्ठा, निजभाषा प्रेम एवं सदाचार ही हैं। बिना इन आदर्श गुणों के राष्ट्र निर्जीव, शक्तिहीन एवं पंगु ही बना रहता है। बिना आध्यात्मिक उन्नति के किसी भी राष्ट्र की वास्तविक उन्नति सर्वथा असंभव है। प्रत्येक देशवासी जब इन आदर्श गुणों का पालन करेगा तभी राष्ट्र उन्नति कर सकेगा।

■ **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **[5]**

संसार के प्राचीन ग्रंथ वेदों में लिखा है, 'ब्रह्मचारी मृत्यु को जीत लेते हैं।' 'ब्रह्म' शब्द के अर्थ हैं, 'परमेश्वर, विद्या और शरीर-रक्षण।'

ब्रह्मचर्य के पालन से शरीर स्वस्थ होता है, जिसका शरीर स्वस्थ, उसका मन स्वस्थ; जिसका मन स्वस्थ उसकी स्मरणशक्ति तेज़ होती है। स्मरणशक्ति से आकलनशक्ति बढ़ती है। विद्यार्थी जीवन में आकलनशक्ति का अपना विशेष महत्त्व है। ब्रह्मचर्य विद्यार्थी जीवन की कमियाँ पूरी करता है। प्राचीन भारतीय साहित्य में ब्रह्मचर्य की महिमा लिखी है। इसका पालन करनेवाला विद्यार्थी निरोगी, बुद्धिमान, संपत्तिशाली और महान बनता है। ब्रह्मचर्य की महिमा अपार है।

61 ) मृत्यु को कौन जीत सकते हैं?

62 ) ब्रह्म शब्द के कितने और कौन-कौन-से अर्थ हैं?

63 ) मन स्वस्थ रहने से क्या लाभ होता है?

64 ) ब्रह्मचर्य किसके जीवन की कमियाँ पूरी करता है?

65 ) इस परिच्छेद के लिए उचित शीर्षक दीजिए।

# विभाग - E

■ **निम्नलिखित रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखकर उचित शीर्षक दीजिए :** **[5]**

66 ) किसान — उसकी स्त्री को धनी होने की कल्पना — परी के दर्शन — दो वरदान — स्त्री का लोभ — गहनों का शौक — ''हाथ सोने का बना दो।'' — तकलीफ — दूसरा वरदान माँगना, ''हाथ पहले जैसा बना दो।'' परी का उड़ जाना — बोध।

■ **निम्नलिखित विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए :** **[10]**

67 ) (1) देश के प्रति युवकों का कर्तव्य
प्रस्तावना — युवक ही देश के रक्षक — देश की प्रगति के आधार — राष्ट्र निर्माण के अन्य कार्य — उपसंहार।

**अथवा**

(2) एक विधवा की आत्मकथा
परिचय — दांपत्यजीवन — हँसी-खुशी के दिन-दुःखद घटना — वैधव्य — जीवन की कटुताएँ — वर्तमान जीवन — उपसंहार।

**अथवा**

(3) बचपन के दिन
प्रारंभ — यादगार प्रसंग — निस्वार्थ भाव — भोलापन, प्रेम जैसे गुण — मनमानी कल्पना — उपसंहार।

◆◆◆